# दिनांक 07.06.2024 को जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत आयोजित बैठक का कार्यवृत्त

अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में दिनांक 07.06.2024 को जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद बिजनौर में निर्माणाधीन पेयजल परियोजनाओं की प्रगति के सम्बन्ध में समीक्षा की गयी। समीक्षा बैठक में मुख्य विकास अधिकारी बिजनौर, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0जल निगम (ग्रामीण), बिजनौर, व जल निगम की कार्यदायी एजेंसी एल0सी0इन्फा प्रा0लि0 एवं विंध्या टेलीलिंक्स लि0 के जनपदीय प्रोजेक्ट मैनेजर, थर्ड पार्टी इन्सपेक्शन एजेन्सी के डी0पी0एम0, डी0पी0एम0यू0 के जिला समन्वयक एवं जनपद में कार्यरत 04 नग आई0एस0ए0 एजेन्सीयों महिला ग्रामोद्योग विकास संस्थान अमरोहा, राम मनोहर एजूकेशन एवं समुदाय बाल विकास सोसाइटी, मन्सूरी एकेडमी एंव पी0एस0सेवा समिति के प्रतिनिधि, आई0ई0सी0 कार्डिनेटर के प्रतिनिधि द्वारा प्रतिभाग किया गया। समीक्षा के दौरान स्थिति निम्नवत पायी गयी :-

**बिन्दु सं0-01-**

जनपद में कार्यरत जल जीवन मिशन फेज-2 एवं फेज-3 के अंतर्गत कार्यदायी एजेन्सी मै0एल0सी0इन्फा प्रो0प्रा0लि0 एवं मै0विंध्या टेलीलिंक्स लि0-गजा इंजी0प्रा0लि0 जे0वी0 द्वारा किये जा रहे रोड रेस्टोरेशन के कार्यो का सत्यापन खण्ड विकास अधिकारियों के माध्यम से कराया गया था, जिसकी बैठक में समीक्षा की गयी।

समीक्षा में खण्ड विकास अधिकारियों द्वारा उपलब्ध करायी गयी सत्यापन आख्या एवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा की गयी समीक्षा बैठक दिनांक 06.06.2024 के आधार पर एजेन्सीयों के द्वारा जनपद के विभिन्न ग्रामों में वर्तमान तक भी रोड रेस्टोरेशन के कार्य अपूर्ण पाये गये, जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यरत दोनो एजेन्सीयों को निर्देश दिये गये कि जिन ग्रामों में रोड रेस्टोरेशन/मोटरेबल के कार्य अपूर्ण है उन्हे गुणवत्ता पूर्वक कराते हुए वर्षा से पूर्व रोड रेस्टोरेशन/ मोटरेबल के कार्य पूर्ण कर लिये जायें।

**बिन्दु सं0-02-**

जनपद के समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि ग्रामो में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यदायी एजेन्सी मै0एल0सी0इन्फ्रा प्रो0प्रा0लि0 एवं मै0विंध्या टेलीलिंक्स लि0-गजा इंजी0प्रा0लि0 जे0वी0 द्वारा किये जा रहे रोड रेस्टोरेशन के कार्यो एवं अन्य समस्त कार्यो के सम्बन्ध में प्रत्येक सप्ताह जल निगम के जू0इं0 एवं एजेन्सीयों के ब्लाक इंचार्ज के साथ योजना के अंतर्गत एजेन्सीयों एवं ग्रामवासिंयो को आ रही समस्याओं के सम्बन्ध में समीक्षा करना सुनिश्चित करें एवं आ रही समस्याओं से मुख्य विकास अधिकारी एवं अधोहस्ताक्षरी को भी अवगत कराना सुनिश्चित कराया जाये।

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय उ0प्र0जल निगम(ग्रामीण), बिजनौर को निर्देश दिये गये कि जनपद के समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को उनके क्षेत्र में कार्यरत सम्बन्धित जूनियर इंजीनियर एवं एजेन्सीयों के ब्लाक इंचार्ज की सूची मोबाईल नं0 सहित उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

बिन्दु सं0–3–

जनपद में कार्यरत जल जीवन मिशन फेज–2 एवं फेज–3 के अंतर्गत कार्यदायी एजेन्सी मै0एल0सी0इन्फा प्रो0प्रा0लि0 एवं मै0विंध्या टेलीलिंक्स लि0–गजा इंजी0प्रा0लि0 जे0वी0 द्वारा किये जा रहे F.H.T.C के कार्यो की समीक्षा की गयी जिसमें पाया गया कि मै0एल0सी0इन्फा प्रो0प्रा0लि0 द्वारा 95.00 प्रतिशत F.H.T.C के कार्य पूर्ण कर लिये गये है, 5 प्रतिशत अवशेष बचे F.H.T.C के कार्यो को शीघ्र पूर्ण करने के लिए एजेन्सी को निर्देश दिये गये। मै0विंध्या टेलीलिंक्स लि0 द्वारा किये जा रहे F.H.T.C के कार्यों की समीक्षा की गयी जिसमें पाया गया कि एजेन्सी द्वारा द्वारा मात्र 68.00 प्रतिशत F.H.T.C के कार्य पूर्ण किये गये है, जिसके कारण सी0एम0डैश पोर्टल पर जनपद की रैक प्रभावित हो सकती है। अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि एजेन्सी के पास मैनपावर की कमी है जिसके लिए एजेन्सी को मेनपावर बढ़ाकर F.H.T.C के कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये गये है। मै0विंध्या टेलीलिंक्स लि0 की F.H.T.C के कार्यो की धीमी प्रगति पर गहरी नाराजगी व्यक्त की गयी एवं प्रोजेक्ट मैनेजर मै0विंध्या टेलीलिक्स को चेतावनी देते हुए निर्देश दिये गये कि एक सप्ताह में F.H.T.C के कार्य में अपेक्षित सुधार लाना सुनिश्चित करें अन्यथा एजेन्सी के विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी।

बिन्दु सं0–4–

अधिशासी अभियन्ता एवं दोनो एजेन्सीयों को निर्देशित दिये गये कि ग्रामीण क्षेत्रों में समस्त सरकारी भवनो यथा खण्ड विकास कार्यालय, आंगनवाड़ी, विद्यालयों, पी0एच0सी0, पंचायत भवनों इत्यादि पर यह सुनिश्चित कर लिया जाये की जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत प्रत्येक सरकारी भवन को एफ0एच0टी0सी0 प्रदान कर दिया जाये, जिसकी समीक्षा खण्ड विकास अधिकारी के साथ साप्तहिक समीक्षा बैठक में भी किया जाये।

बिन्दु सं0–5–

डी0पी0एम0, टी0पी0आई0 को निर्देश दिये गये कि ऐसे ग्राम जहां रोड रेस्टोरेशन के कार्य पूर्ण करा दिये गये है, उन ग्रामों का सत्यापन कर सत्यापन आख्या मुख्य विकास अधिकारी को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें।

बिन्दु सं0–6–

जनपद के अंतर्गत कार्यरत समस्त आई0एस0ए0 को फेज–1 के एवं फेज–2 के समस्त कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये गये एवं आई0ई0सी0 एजेन्सीयों को उनको आबंटित कार्यो को भी शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये।

13/6/24.

(अंकित कुमार अग्रवाल)
जिलाधिकारी
बिजनौर

कार्यालय जिलाधिकारी, बिजनौर।

पत्रांकः 2090/जल जीवन मिशन/427 दिनांकः– 15.06.2024

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– मुख्य विकास अधिकारी बिजनौर।

Steno2023 -663

2— अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0जल निगम(ग्रामीण), बिजनौर।
3— समस्त खण्ड विकास अधिकारी, जनपद बिजनौर।
4— पी0एम0, मै0.आरवी एसोसिएटस (TPI) बिजनौर।
5— डिस्ट्रीक्ट कॉर्डिनेटर, मै0मेधज प्रा0लि0(DPMU), बिजनौर।
6— समस्त आई0एस0ए0, जनपद बिजनौर।
7— डिस्ट्रीक्ट कॉर्डिनेटर, समस्त आई0ई0सी0, बिजनौर।
8— प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0विंध्या टेलीलिंक्स लि0—गजा इंजीनियरिंग प्रा0लि0 जे0वी0 / मै0एल0सी0इन्फ्रा प्रो0प्रा0लि0 बिजनौर।

13/6/24.

जिलाधिकारी